
**NEWS CLIPPING:09.12.2021**

# THE TRIBUNE



## INDUCTION PROGRAMME ORGANISED

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has begun a one-week induction programme in offline as well as online mode for newly admitted undergraduate courses. Over 1,300 students in various undergraduate courses are participating in the induction programme in a phased manner. The programme is being conducted by the department of the student welfare. Welcoming the new students, VC Raj Nehru said the purpose of this program was to familiarise students with the facilities at the university. The programme, he said, would make the freshers comfortable with the university environment.

The Tribune Thu, 09 December 2021
https://epaper.tribun

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.12.2021**

# AAJ SAMAJ

# बेहतर करियर के लिए कौशल पर ध्यान दें विद्यार्थीः कुलपति

**आज समाज नेटवर्क**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति राज नेहरू ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल सिर्फ डिग्री हासिल करने को लक्ष्य न बनाये, अपितु बेहतर करियर के लिए कौशल और ज्ञान हासिल करने पर ध्यान दें। कुलपति विश्वविद्यालय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए डीन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित प्रेरण कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के नए प्रवेशित छात्रों के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में एक सप्ताह का प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 1300 से अधिक छात्र चरणबद्ध तरीके से हिस्सा ले रहे हैं। इससे पूर्व सत्र का शुभारंभ कुलपति राज नेहरू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति राज नेहरू।


गया। कॉर्पोरेट क्षेत्र में एचआर प्रोफेशनल के रूप में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री नेहरू ने छात्रों को समय प्रबंधन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों से जीवन में संतुलन बनाने को कहा। कुलपति ने कहा कि छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल होना चाहिए।

**NEWS CLIPPING:09.12.2021**

# PUNJAB KESARI

# बेहतर करियर के लिए कौशल पर ध्यान दे विद्यार्थी : राज नेहरू

## ■ जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के इंडक्शन प्रोग्राम में विद्यार्थियों को किया संबोधित



*विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति राज नेहरू।*

फरीदाबाद, 8 दिसम्बर (ब्यूरो): जेसी.बोस विश्वविद्यालय एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति राज नेहरू ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल सिर्फ डिग्री हासिल करने को लक्ष्य न बनाये, अपितु बेहतर करियर के लिए कौशल और ज्ञान हासिल करने पर ध्यान दें। कुलपति विश्वविद्यालय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए डीन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित प्रेरण कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के नए प्रवेशित छात्रों के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में एक सप्ताह का प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 1300 से अधिक छात्र चरणव, तरीके से हिस्सा ले रहे हैं। इससे पूर्व सत्र का शुभारंभ कुलपति राज नेहरू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कॉर्पोरेट क्षेत्र में एचआर प्रोफेशनल के रूप में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले नेहरू ने छात्रों को समय प्रबंधन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों से जीवन में संतुलन बनाने को कहा। कुलपति ने कहा कि छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल होना चाहिए। कौशल और ज्ञान को एक अच्छे करियर की कुंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी विकास ने कामकाज के माहौल में व्यापक बदल किया है। इस बदलते माहौल में काम करने के लिए विद्यार्थियों को भी खुद तैयार करना होगा। उन्हें खुद को अपडेट रखना चाहिए। कुलपति ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया और कहा कि वे केवल नौकरी चाहने वाले न बने, अपितु नौकरी देने वाले बने। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को करियर व रोजगार की जरूरतों के अनुरूप भी सॉट स्किल्स एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसके अलावा, उनके लिए रूचिकर गतिविधियाँ भी आयोजित की गई, जिसमें टीम निर्माण गतिविधियाँ, विशेषज्ञ व्या यान, और कैंपस ओरिएंटेशन सत्र शामिल है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकोष्ठों व केंद्रों पर भी प्रस्तुतियां दी गई। कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए इंडक्शन प्रोग्राम को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विभिन्न बैच में बांटा गया है।

**NEWS CLIPPING:09.12.2021**

# PIONEER

# बेहतर करियर के लिए कौशल पर ध्यान दें विद्यार्थी

## जेसी बोस के इंडक्शन प्रोग्राम में विद्यार्थियों को कुलपति राज नेहरू ने किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेसीबोस विश्वविद्यालय में इंडस्शन प्रोग्राम का दीप जला कर शुभारंभ करते कुलपति राज नेहरू और अन्य।

**जेसी** बोस विवि एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति राज नेहरू ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल सिर्फ डिग्री हासिल करने को लक्ष्य न बनाये, अपितु बेहतर करियर के लिए कौशल और ज्ञान हासिल करने पर ध्यान दें।

कुलपति विवि के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए डीन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित प्रेरण कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के नए प्रवेशित छात्रों के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में एक सप्ताह का प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 1300 से अधिक छात्र चरणबद्ध तरीके से हिस्सा ले रहे हैं। इससे पूर्व सत्र का शुभारंभ कुलपति राज नेहरू ने दीप जला कर किया।

कॉर्पोरेट क्षेत्र में एचआर प्रोफेशनल के रूप में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री नेहरू ने छात्रों को समय प्रबंधन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों से जीवन में संतुलन बनाने को कहा। कुलपति ने कहा कि छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल होना चाहिए। कौशल और ज्ञान को एक अच्छे करियर की कुंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी विकास ने कामकाज के माहौल में व्यापक बदल किया है। इस बदलते माहौल में काम करने के लिए विद्यार्थियों को भी खुद तैयार करना होगा। उन्हें खुद को अपडेट रखना चाहिए। कुललपति ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया और कहा कि वे केवल नौकरी चाहने वाले न बने, अपितु नौकरी देने वाले बने। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को करियर व रोजगार की जरूरतों के अनुरूप भी सॉफ्ट स्किल्स एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING:09.12.2021**

# HINDUSTAN

# कौशल पर ध्यान दें छात्र : कुलपति

**फरीदाबाद।** शिक्षा केवल सिर्फ डिग्री हासिल करने के लिए नहीं बल्कि बेहतर करियर के लिए कौशल और ज्ञान हासिल करने के लिए हासिल करें। ये बातें बुधवार को जेसी बोस विश्वविद्यालय एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में डीन छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से नए छात्रों के लिए जारी इंडक्शन कार्यक्रम में कुलपति राज नेहरू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहीं।